भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य, पूर्व आईएएस अधिकारी ए. के. शर्मा शुक्रवार को अपने गृह जनपद मऊ में रहे।

इस दरम्यान उन्होंने सर्वप्रथम मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र के रैनी ग्रामसभा में जनसम्पर्क कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के लिए वोट मांगा उसके बाद मऊ शहर स्थित सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय पर मौजूद रहे।

दोपहर में मधुबन विधानसभा क्षेत्र के रामपुर धनौली ग्रामसभा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए ए. के. शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी में मतदान करने की अपील की।

उसके बाद मधुबन विधानसभा क्षेत्र के सूरजपुर ग्रामसभा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए ए. के. शर्मा ने कहा कि पिछली सरकारों ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। पिछली सरकारों ने रोड तो बनवाया लेकिन बस कागजों पर, इन लोगों ने आमजन को बरगलाकर अपना उल्लू सीधा किया इसके इतर उनका और कोई ध्येय नहीं था। पिछली सरकार ने तो कानून व्यवस्था को ताक पर रख दिया था और संवैधानिक मूल्यों का शरेआम हनन किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यों को बताते हुए मधुबन विधानसभा क्षेत्र में कमल का फूल खिलाने का आह्वान किया।

शाम को घोसी विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर ताल नरजा में आयोजित जनसभा में घोसी से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए ए. के. शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सदैव जनहित में कार्य किया है एवं बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित किया है।

# वाराणसी में भाजपा को मज़बूत करने के प्रयास में ज़ोरदारी से जुटे ए के शर्मा




**संवाददाता, लखनऊ।** पिछले दो दिन वाराणसी शहर की तीन विधान सभाओं में जन सम्पर्क करने के बाद ए के शर्मा आज ग्रामीण क्षेत्र की विधान सभा रोहनिया में पूरे दिन अनेक कार्यक्रम आयोजित किए और जन सम्पर्क किया। सबसे पहले रोहनिया विधान सभा क्षेत्र में आयोजित अराजी लाइन और विद्यापीठ ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों के बड़े सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगर विकास करना है तो भाजपा, उसके सहयोगी दल और मा0 मोदी जी के हाथों को मज़बूत करना होगा। फिर इसी विधानसभा में स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय एवं ज़िला कार्यालय पर गए। जहां अन्य पदाधिकारियों के अतिरिक्त रोहनिया विधान सभा क्षेत्र में कार्यरत मार्गदर्शकों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या से मुलाक़ात कर उनका उत्साह बढ़ाया और जो भी समय उपलब्ध है उसमें जी जान से जुट जाने को कहा। भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने के क्रम में एक नयी पहल करते हुए रोहनिया विधानसभा के कर्दमेश्वर क्षेत्र में एक सामान्य कार्यकर्ता के घर गए । उन्होंने कहा कि एक शक्ति केन्द्र के संयोजक श्री अनिल सिंह जी के आवास पर क्षेत्र के अन्य मण्डल एवं बूथ अध्यक्षों तथा स्थानीय लोगों से हुई यह मुलाक़ात हमेशा याद रहेगी। शाम को इसी क्षेत्र में रोहनिया विधानसभा के ग्राम प्रधानों के बड़े सम्मेलन को भी सम्बोधित किया। देर शाम वो रोहनिया के निवर्तमान विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह जी के घर शुभेच्छा मुलाक़ात के लिए गए।

# प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी एके शर्मा ने बीडीसी, प्रधानों से किया संवाद

**रोहनियां विस क्षेत्र में जाना चुनावी हाल, कार्यकर्ता के घर पहुंच की मुलाकात**

**सीटिंग विधायक सुरेंद्र नारायण के आवास पर शिष्टाचार भेंट कर की चुनावी चर्चा**

वाराणसी (एसएनबी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी एके शर्मा निरंतर प्रबुद्धजनों, प्रतिनिधियों व मानिंद लोगों से संपर्क कर चुनावी फीडबैक ले रहे हैं और पार्टी की रीति-नीति की जानकारी दे रहे हैं। बृहस्पतिवार को उन्होंने रोहनियां विस क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और सरकार के कामकाज का फीडबैक लिया। उन्होंने रोहनियां विस क्षेत्र से भाजपा के सिटिंग विधायक से भी मुलाकात की।

एमएलसी एके शर्मा ने दिन में रोहनियां विधान सभा क्षेत्र के आराजी लाइन और विद्यापीठ ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने सदस्यों से सीधा संवाद कर ग्रामीण स्तर पर हुए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गांव, गरीब और किसान की चिंता की। बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया। गांव में जरूरतमंदों का आवास हो, शौचालय हो, साफ पानी हो, बिजली हो स्वास्थ्य सुविधाएं हो इसको लेकर सरकार ने मिशन मोड में काम किया। ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को बढ़ाने के लिए सरकार ने खेल मैदान भी बनवाएं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के विजन से प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। इसके बाद उन्होंने रोहनियां स्थित भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि यूपी चुनाव पश्चिम से बढ़कर पूर्वांचल तक पहुंच चुका है। अब कार्यकर्ताओं व नेताओं को अपनी पूरी ताकत झोंकनी होगी। कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है इसलिए कार्यकर्ताओं को लेकर नेता डट जाए। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर शीर्ष नेतृत्व से मिले दिशा-निर्देश के अनुसार कार्य किए जाएं। इसी क्रम में एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष रोहनिया विधानसभा के कर्दमेश्वर क्षेत्र में कार्यकर्ता के घर भी गए। उन्होंने कहा कि एक शक्ति केन्द्र के संयोजक अनिल सिंह के आवास पर क्षेत्र के अन्य मण्डल व बूथ अध्यक्षों तथा स्थानीय लोगों से मुलाकात यादगार बन गयी। शाम को उन्होंने रोहनियां विस क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए ग्रामीण स्तर पर हुए कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान गांव के एक-एक घर और व्यक्ति से जुड़ा होता है इसलिए मतदान में प्रधान सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने देर शाम विधायक रहे सुरेंद नारायण सिंह के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात व चुनावी चर्चा भी की। इस दौरान कई पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



हिन्दु

# शर्मा का पंचायत सदस्यों से संवाद

**वाराणसी।** एमएलसी अरविंद कुमार शर्मा ने गुरुवार को रोहनिया विस क्षेत्र में आराजीलाइन और विद्यापीठ ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सम्मेलन को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि अगर विकास करना है तो नरेंद्र मोदी के हाथों को मज़बूत करना होगा। भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

# ए के शर्मा ने संभाली वाराणसी की कमान

## नरेंद्र मोदी के दौरे से ठीक पहले वाराणसी में कार्यकर्ताओं को संतुष्ट करने एवं जोश भरने का काम कर रहे हैं ए के शर्मा

- कार्यकर्ताओं से मिलने उनसे घर पर पहुंचे ए के शर्मा

आजाद पत्र न्यूज





**वाराणसी।** पिछले दो दिन से वाराणसी शहर की तीन विधान सभाओं में जन सम्पर्क करने के बाद ए के शर्मा आज ग्रामीण क्षेत्र की विधान सभा रोहनिया में पूरे दिन अनेक कार्यक्रमों में भाग लिए एवं लोगों से जनसंपर्क किया। सबसे पहले रोहनिया विधान सभा क्षेत्र में आयोजित अराजी लाइन और विद्यापीठ ब्लॉक क्षेत्र पंचायत के सदस्यों को एक बड़े सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगर विकास करना है तो भाजपा, उसके सहयोगी दल और मा० मोदी जी के हाथों को मजबूत करना होगा। इसके बाद फिर इसी विधानसभा में स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय एवं जिला कार्यालय पर पहुंचे जहां अन्य पदाधिकारियों के अतिरिक्त रोहनिया विधान सभा क्षेत्र में कार्यरत मार्गदर्शकों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या से मुलाक़ात कर उनका उत्साह बढ़ाया और कहा कि जो भी समय उपलब्ध है उसमें जी जान से जुट जाएं तत्पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने के क्रम में एक नयी पहल करते हुए रोहनिया विधानसभा के कर्दमेश्वर क्षेत्र मे एक सामान्य कार्यकर्ता के घर गए । उन्होंने कहा कि एक शक्ति केन्द्र के संयोजक अनिल सिंह के आवास पर क्षेत्र के अन्य मण्डल एवं बूथ अध्यक्षों तथा स्थानीय लोगों से हुई यह मुलाक़ात हमेशा याद रहेगी शाम को इसी क्षेत्र में रोहनिया विधानसभा के ग्राम प्रधानों के एक सम्मेलन को भी सम्बोधित किया इसके बाद देर शाम रोहनिया के निवर्तमान विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह के घर शुभेच्छा मुलाक़ात की।

ना
में
या
मी

ना
त्र
न
है
त
री

ट
मी



भाजपा अद गठबंधन प्रत्याशी के लिए प्रचार करते एके शर्मा ●पार्टी

# लोगों के दरवाजे तक पहुंचे एके शर्मा

**जासं, वाराणसी :** भाजपा एमएलसी एके शर्मा ने गुरुवार जनसंपर्क के लिए रोहनियां क्षेत्र में आराजीलाइन्न और विद्यापीठ ब्लाक में पहुंचे। लोगों के दरवाजे पहुंचकर भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी सुनील कुमार के पक्ष में वोट मांगा। कहा कि अगर विकास करना है तो भाजपा, उसके सहयोगी दल और नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करना होगा।

# परिवार तंत्र के सामने प्रजातंत्र को चुने

**वाराणसी ( जनमुख समाचार )।** भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी और प्रदेश उपाध्यक्ष ए.के शर्मा ने शुक्रवार को सेवापुरी और शिवपुर के ग्रामीण इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित किया। भाजपा एमएलसी सबसे पहले शिवपुर विधानसभा के तिलमापुर गांव के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्रा के आवास पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपनी संस्कृति की रक्षा के साथ सर्वस्पर्शी विकास के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन करने के लिए प्रेरित किया। फिर शिवपुर विधानसभा के ही आशापुर गाँव में ग्राम प्रधान संतोष पाण्डेय के आवास पर स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से मिले। यहां भी उन्होंने प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का सभी को पुनः संकल्प कराया। तत्पश्चात् शिवपुर विधान सभा क्षेत्र के भाजपा केंद्रीय कार्यालय पर आयोजित बीडीसी एवं ग्राम प्रधानों के सम्मेलन को भी सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियाँ अपने निजी स्वार्थ के लिए मफ़ियाओं को प्रश्रय देती हैं। लोगों को सचेत करते हुए उन्होंने परिवार तंत्र के सामने प्रजा तंत्र को मज़बूत करने का और भाजपा को विजयी बनाने का भी आह्वान किया। उसके बाद सेवापुरी विधानसभा के मिर्जामुराद में आयोजित ग्राम प्रधानों एवं पंचायत पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। उन्होंने मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा किए गए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि ग्राम्य क्षेत्र से लेकर वाराणसी नगर तक विकास का ऐतिहासिक काम हुआ है। इसलिए भाजपा को जिताना लोक हित में है।



**● भाजपा एमएलसी ए. के. शर्मा ने शिवपुर और सेवापुरी के ग्रामीण क्षेत्रों में बिताया पूरा दिन**

# परिवार तंत्र के सामने प्रजा तंत्र को चुनें-ए के शर्मा

## ए के शर्मा ने आज वाराणसी के ग्राम्य क्षेत्र में पूरा दिन बिताया।विशेष रूप से शिवपुर एवं सेवापुरी विधानसभा क्षेत्रों में

- माफिया नाम की मक्खी और मच्छर राजनैतिक गंदगी पर पलता है
- विरोधियों को परास्त करने के लिए भाजपा का सामान्य कार्यकर्ता और सामान्य नागरिक ही पर्याप्त और सक्षम है





आजाद पत्र न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी में चुनावी जनसंपर्क के दौरान विधानपरिषद सदस्य एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपनी ताकत झोंक दी है इस क्रम में शिवपुर विधानसभा के ग्राम-तिलमापुर के प्रधान नागेश्वर मिश्रा के आवास पर ग्रामप्रधानों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक किए तथा कहा कि अपनी संस्कृति की रक्षा के साथ सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा और नरेंद्र मोदी जी को आप लोग समर्थन करिए अपना अगला पड़ाव शिवपुर विधानसभा क्षेत्र के ही आशापुर गाँव में ग्राम प्रधान संतोष पाण्डेय के आवास पर स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से मिले तथा कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का सभी को संकल्प लेना होगा तत्पश्चात शिवपुर विधान सभा क्षेत्र के भाजपा केंद्रीय कार्यालय पर आयोजित बीडीसी एवं ग्राम प्रधानों के सम्मेलन को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियाँ अपने निजी स्वार्थ के लिए मफ़ियाओं को प्रश्रय देती हैं। लोगों को सचेत करते हुए उन्होंने परिवार तंत्र के सामने प्रजा तंत्र को मज़बूत करने का और भाजपा को विजयी बनाने का आह्वान किया। उसके बाद सेवापुरी विधानसभा के मिर्जामुराद में आयोजित ग्राम प्रधानों एवं पंचायत पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा किए गए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि ग्राम्य क्षेत्र से लेकर वाराणसी नगर तक, नंद घर से लेकर रिंग रोड तक का विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुआ है। इसलिए भाजपा को जिताना लोक हित में है।आप लोग चाहते हैं कि उत्तम काशी को सर्वोत्तम काशी बनाना है तो डबल ईंजन वाली सरकार बनानी पड़ेगी।

# नाराज भूमिहारों को साधने में लगाये गए एके शर्मा

## चुनावी सरगर्मी

**पीएम के संसदीय क्षेत्र में उनके खासमखास को पार्टी ने उतारा चुनाव प्रचार में**

**मतदाताओं से कहा-परिवार तंत्र के सामने चुने प्रजातंत्र**



शुक्रवार को भाजपा के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगते एमएलसी एके शर्मा।

**वाराणसी (जनवार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पूर्व आईएएस वरिष्ठ भाजपा नेता व एमएलसी एके शर्मा को उतार दिया है। बताया जाता है कि पड़ोसी जिले के निवासी होने के नाते एके शर्मा की जिले की हर विधानसभा क्षेत्रों में अच्छी पैठ है। भूमिहार बिरादरी की संख्या जिले में बहुतायत है। ऐसे में भूमिहारों को विशेष रुप से साधने के लिए एके शर्मा को लगाया गया है। एके शर्मा की छवि स्वक्ष साफ-सुथरी व गंभीर नेता के रूप में है। वह जहां भी जा रहे हैं लोग उन्हें शांति से सुन रहे हैं। एके शर्मा ने शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों में पूरा दिन बिताया। विशेष रूप से शिवपुर एवं सेवापुरी विधानसभा क्षेत्रों में। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र से भूमिहार बिरादरी के विधायक का टिकट काटने से लोगों में आक्रोश था। आक्रोशित लोगों को समझाने के लिए एमएलसी शर्मा को लगाया गया है। जनसंपर्क में उन्होंने कहा कि परिवार तंत्र के सामने प्रजा तंत्र को चुनें। माफिया नाम की मक्खी और मच्छर राजनैतिक गंदगी पर पलता है। विरोधियों को परास्त करने के लिए भाजपा का सामान्य कार्यकर्ता और सामान्य नागरिक ही पर्याप्त और सक्षम है। वे शिवपुर विधानसभा के ग्राम-तिलमापुर के प्रधान नागेश्वर मिश्रा व ग्रामीणों से मिले। आशापुर गाँव में ग्राम प्रधान संतोष पाण्डेय के आवास पर स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से मिले। प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का सभी को पुनः संकल्प कराया।

उन्होंने सेवापुरी विधानसभा के मिर्जामुराद में आयोजित ग्राम प्रधानों एवं पंचायत पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि ग्राम्य क्षेत्र से लेकर नगर तक, नंद घर से लेकर रिंग रोड तक का विकास का ऐतिहासिक काम हुआ है। इसलिए भाजपा को जिताना लोक हित में है।

## भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सपा पर साधा निशाना

# परिवार तंत्र के सामने प्रजातंत्र को चुनें

**वाराणसी (एसएनबी)।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी एके शर्मा शुक्रवार को प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में पूरा दिन बिताया। विशेष रूप से उनका फोकस शिवपुर एवं सेवापुरी विधानसभा क्षेत्रों में रहा। इस

**शिवपुर-सेवापुरी में कार्यकर्ताओं संग आमजन से मिले**

**विरोधियों को धूल चटाने में कार्यकर्ता जनता ही पर्याप्त : एके शर्मा**

दौरान उन्होंने सपा पर हमला बोलते हुए आमजन से अपील की कि परिवार तंत्र के सामने प्रजा तंत्र को चुनें। उन्होंने कहा कि माफिया नाम की मक्खी-मच्छर राजनैतिक गंदगी पर पलता है। उन्होंने कहा कि विरोधियों को परास्त करने के लिए भाजपा का सामान्य कार्यकर्ता और सामान्य नागरिक ही पर्याप्त और सक्षम है।



अपने चुनावी दौरे के तहत जिले में कई चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति समझायी। इस क्रम में वे ग्राम-तिलमापुर के प्रधान नागेश्वर मिश्रा के आवास पर भी बैठक की और अपनी संस्कृति की रक्षा के साथ सर्वस्पर्शी विकास के लिए भाजपा और नरेंद्र मोदी को समर्थन करने को प्रेरित किया। इसके बाद शिवपुर विधानसभा के ही आशापुर गांव में ग्राम प्रधान संतोष पाण्डेय के आवास पर स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का सभी को पुनः संकल्प दिलाया। इस दौरान उन्होंने शिवपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा केंद्रीय कार्यालय पर आयोजित बीडीसी एवं ग्राम प्रधानों के सम्मेलन को भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियां अपने निजी स्वार्थ के लिए मफ़ियाओं को प्रश्रय देती है। लोगों को सचेत करते हुए उन्होंने परिवार तंत्र के सामने प्रजातंत्र को मज़बूत करने का आह्वान किया। उसके बाद सेवापुरी विधानसभा के मिर्जामुराद में आयोजित ग्राम प्रधानों एवं पंचायत पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि ग्राम्य क्षेत्र से लेकर वाराणसी नगर तक, नंद घर से लेकर रिंग रोड तक का विकास का ऐतिहासिक काम हुआ है। इसलिए भाजपा को जिताना लोकहित में है।

# परिवार तंत्र के सामने प्रजा तंत्र को चुनें: एके शर्मा



**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य एके शर्मा ने कहा कि परिवार तंत्र के सामने प्रजातंत्र को चुनना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि माफिया नाम की मक्खी और मच्छर राजनैतिक गंदगी पर पलता है। विरोधियों को परास्त करने के लिए भाजपा का सामान्य कार्यकर्ता और सामान्य नागरिक ही पर्याप्त और सक्षम है। श्री शर्मा इस समय वाराणसी प्रवास पर है। शिवपुर विधानसभा के ग्राम-तिलमापुर के प्रधान श्री नागेश्वर मिश्रा जी के आवास पर ग्राम जनों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक किया। अपनी संस्कृति की रक्षा के साथ सर्वस्पर्शी विकास के लिए भाजपा और माननीय नरेंद्र मोदी जी को समर्थन करने को प्रेरित किया। फिर शिवपुर विधानसभा के ही आशापुर गाँव में ग्राम प्रधान श्री संतोष पाण्डेय जी के आवास पर स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से मिले। प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का सभी को पुनः संकल्प कराया। तत्पश्चात् शिवपुर विधान सभा क्षेत्र के भाजपा केंद्रीय कार्यालय पर आयोजित बीडीसी एवं ग्राम प्रधानों के सम्मेलन को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियाँ अपने निजी स्वार्थ के लिए मफ़ियाओं को प्रश्रय देती हैं। लोगों को सचेत करते हुए उन्होंने परिवार तंत्र के सामने प्रजा तंत्र को मज़बूत करने का और भाजपा को विजयी बनाने का भी आह्वान किया। उसके बाद सेवापुरी विधानसभा के मिर्जामुराद में आयोजित ग्राम प्रधानों एवं पंचायत पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जी द्वारा किए गए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि ग्राम्य क्षेत्र से लेकर वाराणसी नगर तक, नंद घर से लेकर रिंग रोड तक का विकास का ऐतिहासिक काम हुआ है। इसलिए भाजपा को जिताना लोक हित में है।

# वाईब्रेंट यूपी को पूर्वांचल में लाएंगे औद्योगिक क्रांति

*यूपी की कुर्सी जीतने के लिए राजनीति चरम पर हैं। सत्ता का महासंग्राम जीतने को राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत लहरा दी है। पिछले पांच वर्षों से प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा विकास और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई को मुद्दा बनाकर रणभूमि में उतरी हैं। वहीं दूसरी पार्टियां भाजपा सरकार की नाकामियों को अपना अस्त्र बनाकर चुनावी मैदान मारने में लगे हैं। पूर्वांचल की दहलीज तक पहुंच चुके लोकतंत्र के महापर्व में घमासान मचा हुआ है। भाजपा समेत दूसरे दल पीएम की काशी को केंद्र बिंदु बनाकर पूर्वांचल में चुनावी मिशन को पूरा करने को हाथ- पैर मार रही हैं। इसी चुनावी मुहिम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी एके शर्मा भी डटे हैं। पीएम की काशी में हर तरफ पार्टी का माहौल बनाने में दिन- रात लगे एके शर्मा से वाराणसी के स्थानीय संपादक **स्नेह रंजन** व संवाददाता **सौरभ अग्रवाल** ने सवाल- जवाब किया। पेश हैं इसके महत्वपूर्ण अंश-*

**प्रश्न- उप्र विधानसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो चुके हैं, सत्ता की अब तक लड़ाई कैसी रही ?**

उत्तर- पश्चिम से शुरू हुआ उप्र विधानसभा चुनाव अब पूर्वांचल तक आ चुका है। पहले चरण से ही भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास दिखा। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश में योगी सरकार के कामकाज ने लोगों पर गहरा प्रभाव डाला है। चुनावी की शुरूआत ही उम्मीद से ज्यादा अच्छी दिखी। पश्चिम से लेकर मध्य यूपी तक भाजपा के पक्ष में वोटों की बारिश हुई है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगी।

**प्रश्न- सत्ता के महासंग्राम में विपक्षी दल गठबंधन बनाकर भाजपा को घेरने में लगे हैं, इसका चुनाव पर कितना असर है ?**

उत्तर- विपक्षी दल तुष्टिकरण की राजनीति में माहिर है। उनके लिए जाति-धर्म के नाम पर लोगों पर बांटकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना प्राथमिकता है। यूपी चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक स्वार्थ में कुछ दलों ने धड़ाधड़ गठबंधन कर सोचा कि भोली- भाली जनता को अपने चक्रव्यूह में फंसा लेंगे। लेकिन पब्लिक है जी, सब जानती है। यह खेल अब चुनावों में नहीं चलता। चुनाव से पहले गठबंधन क्यों किया गया और इसका क्या परिणाम होगा यह वोटर समझ चुका है। इन गठबंधनों का चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है।

**प्रश्न- अब तक के चुनावों में कौन सा मुद्दा जनता को सबसे ज्यादा प्रभावित करता नजर आ रहा है ?**

उत्तर- देखिए, जनता अब सोच- विचार कर वोट देती है। पहले मंथन नहीं होता था, लेकिन अब यह ट्रेंड बदल गया है। जनता को स्थाई सरकार के साथ ही विकास पसंद है। हर आदमी अपने को इससे जोड़कर देखता है। सभी को अच्छे रहन- सहन और सुविधाएं की अपेक्षा रहती है। भाजपा सरकार के बीते पांच वर्षों के कामकाज और पीएम मोदी के दूरदर्शी विजन से जनता काफी खुश है। विकास ही आम जन को लुभा रहा है और यही भाजपा के लिए इस चुनाव में ताकत बना है।

**प्रश्न- गुजरात में तत्कालीन सीएम नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में वाईब्रेंट गुजरात की चर्चा आज भी होती है, क्या इस मॉडल को यूपी में लागू किया जाएगा ?**



पीएम की काशी में चुनावी मुहिम को धार देने में जुटे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी एके शर्मा से सवाल-जवाब

उत्तर- गुजरात के सीएम रहते हुए भी नरेन्द्र मोदी ने विकास को तरजीह दी। उन्होंने गुजरात को विकास का ऐसा मॉडल बनाया जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होती है। यूपी में भी भाजपा सरकार बनने के बाद विकास के इतने काम हुए कि रोज नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, पर्यटन, डिफेंस कॉरिडोर समेत कई उल्लेखनीय कार्यों ने यूपी की तस्वीर बदल दी। रही बात वाईब्रेंट मॉडल की तो इसके जरिए पूर्वांचल में औद्योगिक विकास जिसे आप औद्योगिक क्रांति भी कह सकते हैं, लायी जाएगी।

**प्रश्न- पीएम मोदी की काशी पर विपक्षी दलों की भी नजर हैं, यहां के कामकाज का चुनाव में पार्टी को कितना लाभ मिल रहा है ?**

उत्तर- 2014 में काशी का सांसद बनकर प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे नरेन्द्र मोदी यहां के विकास कार्य को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित रहे। पहले दिन से ही उन्होंने काशी के कायाकल्प का बीड़ा उठाया। दृढ़ इच्छाशक्ति से उन्होंने काशी की पुरातनता को बरकरार रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण करने के मिशन को पूरा किया। 2017 से पहले प्रदेश में भाजपा की सरकार न होने से इसमें अड़चन भी आयी। दिल्ली चले फाइलें लखनऊ में अटकीं, लेकिन 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद विकास का दोनों पहिया तेजी से चल पड़ा और फर्क आपके सामने है। काशी के विकास कार्य भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यहां के विकास ने कीर्तिमान स्थापित किया है। विकास को लेकर जनता भाजपा को दिल खोलकर वोट कर रही है।

**प्रश्न- विपक्षी पार्टियां भाजपा सरकार पर लगातार हमलावर हो रही हैं, इसका पार्टी कैसे जवाब दे रही है ?**

उत्तर- वोट बैंक के लिए राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों को भाजपा नहीं जनता जवाब दे रही है। जनता के जवाब से बढ़कर कुछ नहीं होता। भाजपा सरकार के कामकाज से पहले ही विपक्षी दल हताश थे और अब चुनाव में भाजपा को निरंतर मिल रही बढ़त से निराश भी हो गए हैं। इसी बौखलाहट में भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के नेता अनाप- शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। पार्टी इन सब पर अपना ध्यान और समय बर्बाद करने की बजाय जनता से जुड़े कार्यों पर फोकस कर रही है।

**प्रश्न- क्या लगता है 10 मार्च को इस बार क्या होगा ?**

उत्तर- इस सवाल का जवाब मुझसे बेहतर आप लोग जान रहे हैं। पश्चिम से भाजपा के पक्ष में चल रही लहर पूर्वांचल में प्रचंड लहर बन रही है। ऐसे में रिजल्ट को लेकर कोई शंका का प्रश्न ही नहीं उठता। इस बार भाजपा पिछली बार से भी ज्यादा सीटें जीतेगी और उम्मीद है कि 300 प्लस में और प्लस जुड़ जाएगा।

हिन्दुस्त

# विकास ही है भाजपा का विजन: शर्मा

**वाराणसी।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और एमएलसी अरविंद कुमार शर्मा ने शनिवार को व्यापारियों, फिल्म कलाकारों, डॉक्टरों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कीं। उन्होंने चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरी। उन्होंने कहा कि भाजपा का विजन स्पष्ट है। एनडीए सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को मनोरंजन का हब बनाने के उद्देश्य से फिल्म सिटी का निर्माण कराया जा रहा है। उसमें भेदभाव रहित प्रतिभावान कलाकारों को मौका मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता बेनी माधव मिश्रा के आवास पर डॉक्टरों से विचार-विमर्श किया।

# हरि और हर दोनों की दिव्य भूमि है काशी

**वाराणसी :** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एमएलसी एके शर्मा ने कहा कि हरि और हर दोनों की दिव्य भूमि है काशी। हरि इसलिए कि बौद्ध अवतार के रूप में हम विष्णु की आराधना करते हैं और साक्षात विश्वनाथ की कृपा हम काशी वासियों पर होती है। एमएलसी एके शर्मा शनिवार को सारनाथ में ख्यात साहित्यकार डा. नीरजा माधव के आवास में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। डा. माधव ने कहा कि भारत वैश्विक क्षितिज पर नई पहचान स्थापित कर रहा है। डा. बेनी माधव, हिमांशु उपाध्याय, प्रो. बाबू राम त्रिपाठी, राम रतन आदि थे। (जासं)

# हरि और हर दोनों की दिव्य भूमि है काशी : एके शर्मा

वाराणसी (एसएनबी)। हरि और हर दोनों की दिव्य भूमि है यह काशी। हरि इसलिए कि बौद्ध अवतार के रूप में हम विष्णु की आराधना करते है और साक्षात वि-नाथ की कृपा हम काशी वासियों पर होती है। हम सौभाग्यशाली है कि मधुवन के सुरम्य में परिसर में प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठकर आपसी विचार विमर्श और भारतीय संस्कृति तथा मूल्यों की संरक्षण के लिए एक सशक्त नेतृत्व को पुनः सत्तासीन करने के लिए हम सबका अथक प्रयास होना चाहिए। आज भारत अपने प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करने की स्थिति में आ गया है। यह बातें विधान परिषद के सदस्य, उत्तर प्रदेश के भाजपा

> कहा, सशक्त नेतृत्व को पुनः सत्तासीन करने के लिए हम सबका अथक प्रयास जरूरी

के उपाध्यक्ष और पूर्व आईएएस अधिकारी एके शर्मा ने प्रख्यात साहित्यकार डॉ नीरजा माधव के आवास पर एक अनौपचारिक मुलाकात में कही।

श्री शर्मा ने नीरजा माधव के आवास मधुवन में आयोजित एक प्रबुद्ध सम्मेलन को भी संबोधित किया। श्री शर्मा का अपने आवास पर अभिनंदन करते हुए साहित्यकार नीरजा माधव ने कहा कि भारत वै िक क्षितिज पर एक अपनी नई



पहचान स्थापित कर रहा है जिसके लिए एक सशक्त नेतृत्व सबका मार्गदर्शन कर रहा है और एके शर्मा उसकी एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिन्होंने मोदी जी के



भारत के नव निर्माण के संकल्प को पूर्ण करने में अपना संपूर्ण योगदान दिया है। हम अपने परिसर में उनका अभिनंदन करके अभिभूत है।

डॉक्टर बेनी माधव ने भारतीय मूल्यों और संस्कृति के संरक्षण में श्री शर्मा के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका एक सिद्धांत है के माता भूमिः पुत्रोस्हम पृथिव्या और शर्मा जी निसंदेह भारत माता के एक सुयोग्य पुत्र है। सभा को हिमांशु उपाध्याय, प्रोफेसर बाबू राम त्रिपाठी, राम रतन पांडे , ईश्वर देव राय, आनंद चौबे, घनश्याम प्रधान आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर घनश्याम पटेल नवनीत श्रीवास्तव, संजय पांडे, भोला राय, नागे र, सुनील कुमार गौड़, राकेश कुमार पांडे, राजेश राय, अर्चना अवस्थी ,अनिल श्रीवास्तव, माया श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

विधान परिषद के सदस्य, उत्तर प्रदेश के भाजपा के उपाध्यक्ष और पूर्व आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार शर्मा ने नगर के प्रमुख व्यापार मंडलों के नेता एवं उनसे जुड़े व्यापारीगण से रामकटोरा में आयोजित सम्मेलन में वार्तालाप किया। इसमें प्रमुख रूप से होटल एसोसिएशन के सदस्य, दवा मंडी के प्रमुख व्यापारी, लोहा मंडी व्यापार समिति के सदस्य, रियल एस्टेट व्यापारी, चांदपुर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। भाजपा के लिए व्यापारी वर्ग का स्पष्ट समर्थन एवं समर्पण देखने को मिला।

# भाजपा का विजन बिना भेदभाव के विकास करना है : ए के शर्मा

## चुनावी जनसंपर्क कार्यक्रम में जी जान से जुटे एमएलसी ए के शर्मा





आजाद पत्र न्यूज

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य, पूर्व आईएएस अधिकारी ए. के. शर्मा शनिवार को वाराणसी जनपद के आधा दर्जन से अधिक सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।सर्वप्रथम उन्होंने व्यापारी वर्ग के लोगों से मुलाकात की उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

दोपहर में उन्होंने फिल्म कलाकारों से मुलाकात करने के बाद एक होटल के वाराणसी उत्तरी विधानसभा में व्यापारी वर्ग के साथ संवाद किया।

उसके बाद वाराणसी जनपद के उत्तरी विधानसभा में वेणी माधव मिश्रा के आवास पर डॉक्टरों के साथ बात-विमर्श किया।शाम को रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में रुदल प्रधान के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात करके चुनावी अभियान में जी जान से जुट जाने का आह्वाहन किया।देर शाम को अजगरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके संगठनात्मक परिचर्चा की। ए. के. शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक विजन है जो कि स्पष्ठ है और वह है विकास, एनडीए सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कराने के लिए समर्पित एवं प्रतिबद्ध है।उन्होंने आह्वान किया कि कि काशी के लोग यह देख लिए हैं कि विकास कैसे होता है। इसलिए विकास की रफ्तार को दुगुनी करनी है तो प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी का क्षेत्र है उनको यह संदेश जाना चाहिए कि आपने वाराणसी को सजाने संवारने का जो तीन किया है उसका ऋण यहां के सभी सीटों को जिताकर उतार देना है। इसलिए सभी लोग वाराणसी के विकास के लिए एकजुट होकर लग जाएं यहां का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने को प्रत्याशी मानकर चुनाव लड़े और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग करे।